# युद्ध में कुर्द को शामिल नहीं करना चाहते हैं ट्रम्प

## व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को गलत बताया, कुर्दों को हथियार देने पर विचार



**वाशिंगटन 08 मार्च. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नहीं चाहते हैं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कुर्द शामिल हैं. श्री ट्रम्प ने शनिवार शाम कहा, हम नहीं चाहते कि कुर्द युद्ध में शामिल हो.**

उन्होंने कहा कि हम युद्ध को पहले से ज़्यादा मुश्किल नहीं बनाना चाहतैं. मैं नहीं चाहता कि कुर्द घायल हों और मारे जाएं. हमारे बीच अच्छे रिश्ते रहे हैं. वे युद्ध में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन सच में मैंने उनसे कहा है कि मैं नहीं चाहता कि वे युद्ध में शामिल हौं. गौरतलब है कि पहले मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं, जिसमें कहा गया था कि श्री ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरानी कुर्द लड़ाकों के हमले को पूरी तरह से समर्थन करेंगे, लेकिन व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को गलत बताया था कि श्री ट्रंप कुर्दों को हथियार देने पर विचार कर रहे हैं.

### अमेरिका पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा है : लारिजानी



**तेहरान.** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमेरिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है और अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा हैं. श्री लारिजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को किये गये एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी.

### ट्रम्प ने ब्रिटेश को कहा धन्यवाद

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं. श्री ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा, ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा हैं. कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी ज़रूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगैं. हमें ऐसे लोगों की ज़रूरत नहीं है जो हमारे जीतने के बाद जंग में शामिल हों!

### यूरेनियम को जब्त करने के लिए अमेरिका, इज़रायल भेज सकता है सैन्य दल

**वॉशिंगटन/तेल अवीव.** अमेरिका और इजरायल ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कब्जे में लेने के लिए विशेष बलों की तैनाती की संभावना पर विचार कर रहे हैं. समाचार वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार इस विषय पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई हैं. रिपोर्ट में मामले से परिचित चार सूत्रों का हवाला दिया गया हैं. रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध उद्देश्यों में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना शामिल है और इसके लिए ईरान के पास मौजूद करीब 450 किलोग्राम (लगभग 992 पाउंड) 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को कब्जे में लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा अभियान संभवत: युद्ध के बाद के चरण में चलाया जा सकता है, जब अमेरिका और इजरायल यह आकलन कर लें कि ईरान की सेना प्रभावी प्रतिरोध करने की स्थिति में नहीं हैं.

# मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी : राहुल

- सुविधाओं के दोनों पक्षियों पर विचार करने की जरूरत
- मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं,



**नई दिल्ली, 08 मार्च. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मु?त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी हैं.**

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रविवार को कहा कि गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता हैं. उन्होंने लिखा-जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे रेवड़ी और मुफ्त सुविधाएं कहा जाता हैं. जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋ़ण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता हैं. कांग्रेस नेता ने सुविधाओं के दोनों पक्षियों पर विचार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा, गरीबों को शर्मिंदा किया जाता हैं. शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता हैं. मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करैं. श्री गांधी ने केरल में चुनावी माहौल के बीच अपनी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) केरल के लोगों को पांच प्रमुख गारंटियों के माध्यम से एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने जा रहा हैं.

> इनमें राज्य परिवहन निगम की बसों में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा ̇. कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 1000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता, कल्याण पेंशन बढ़ाकर 3000 प्रति माह करने, श्री ओमन चांडी के नाम पर एक योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने तथा युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋ़ण दिया जाएगा.

# नीतीश ने संग्रहालय टनल का किया शिलान्यास

## 542 करोड़ की लागत से म्यूज़ियम टनल का कार्यारंभ

**पटना, 08 मार्चै. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 542 करोड़ की लागत से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग का शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभ किया.**



मुख्यमंत्री श्री कुमार ने निर्माण करनेवाली मशीन का बटन दबाकर कार्य की शुरूआत करायीं. इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को सुरंग (टनल) के निर्माण कार्य की प्रक्रिया तथा इसे पूर्ण करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दीं. श्री कुमार ने नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूजियम सब-वे टनल के कार्यारंभ के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखैं. उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगैं. पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होगी, इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करैं. उन्होंने कहा कि टनल का निर्माण इस प्रकार कराये जिससे नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हौं. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने इसके बाद बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण कियौं. इस दौरान बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों , पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री श्री कुमार को विस्तृत जानकारी दीं. परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये.

### ओडिशा में अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, 08 मार्च.** ओडिशा पुलिस ने राज्य के मलकानगिरि जिले में एक अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं. इनमें दो मुख्य सरगना रायपुर (छत्तीसगढ़) के निवासी बताये गये हैं. पुलिस जांच में 142 म्यूल बैंक खातों की जांच की गईं. जांच के दौरान पता चला कि इनमें से कई खाते ओडिशा के कोटपाड़ क्षेत्र के बिचौलियों द्वारा भोले-भाले लोगों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के भुगतान का झांसा देकर खुलवाए गए थैं. पुलिस के अनुसार इन खातों की पासबुक और मोबाइल नंबर इकट्ठा कर कुरियर के माध्यम से रायपुर में सक्रिय नेटवर्क तक पहुंचाए जाते थे.

# योगी का संदेश- बेटियों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

- महिला दिवस पर योगी बोले अपराधियों को जगह नहीं
- योगी का ऐलान- बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं



**अयोध्या / लखनऊ, 08 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर कड़ा संदेश दिया.**


अयोध्या में आयोजित रोजगार महाकुंभ 2026 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अब कानून का राज है और बेटियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों में अपार आत्मविश्वास और क्षमता होती है.

> लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित माहौल की जरूरत होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति बेटियों से अभद्रता करेगा या उनकी सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त संदेश दिया। अयोध्या में आयोजित रोजगार महाकुंभ 2026 कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब कानून का राज स्थापित हो चुका है और बेटियों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियों में आत्मविश्वास और प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। अगर उन्हें समान अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं.

### सुरक्षा बलों ने मणिपुर में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

**इंफाल.** पुलिस ने रविवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को दो अलग-अलग अभियानों में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया .पुलिस ने अनुसार पहले अभियान में सुरक्षा कर्मियों ने इंडो-बर्मा सुगनू रोड के पास ऐहांग गांव से एक सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार कियौं. पकड़ा गया व्यक्ति कथित तौर पर काकचिंग जिले के वाइखोंग थाना क्षेत्र में अपहरण के एक मामले में शामिल थौं. पुलिस ने कहा कि आगे की जांच चल रही हैं. उसी दिन किए गए एक और ऑपरेशन में, सुरक्षा बलों ने इंफाल ईस्ट जिले के अचनबिगेई थोंगकोंग माखा लेइकाई से एक और उग्रवादी को गिरफ्तार किया.

## एक नजर में



### महिला दिवस पर महिलाओं के लिए दर्शन व्यवस्था

**वाराणसी.** धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था की गई हैं. यह व्यवस्था आज प्रात : मंगला आरती से शुरू होकर रात्रि 11 बजे तक लगातार जारी रहेगीं. इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए दर्शन पथ एवं अन्य व्यवस्थाओं को विशेष रूप से सुगम बनाना है, ताकि इस विशिष्ट दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए महिला सम्मान एवं सामाजिक संवेदनशीलता को और बढ़ावा मिल सकैं. भारतीय परंपरा में नारी को सदैव शक्ति का स्वरूप माना गया हैं.

### महिलाओं के साथ समानता से होगी सच्ची प्रगति : खरगे



**नई दिल्ली, 08 मार्च.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कोई भी समाज तब ही सही अर्थो में प्रगति करता है जब महिलाओं को बराबरी का सच्चा, सही और वास्तविक हक मिलता हैं. श्री खरगे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लैंगिक समानता और महिलाओं के लिए बराबरी लेकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के एक विचार का उद्धरण देते हुए लिखा, दुख भोगने के लिए जन्म नहीं हुआ हैं. आपका जन्म उत्थान के लिए हुआ हैं. उन्होंने कहा, महिलाएं विकास में केवल भागीदार नहीं हैं, बल्कि इसकी प्रेरक शक्ति हैं. अपनी बुद्धिमत्ता, लचीलेपन, करुणा और दृढ़ संकल्प के बल पर महिलाएं समुदायों को सशक्त बनाती हैं और मजबूत राष्ट्रों का निर्माण करती हैं. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हम विश्व भर की महिलाओं के साहस, नेतृत्व और अनगिनत योगदानों का जश्न मनाते हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी समझ में सच्ची प्रगति तभी आएगी जब समानता केवल एक आकांक्षा न होकर प्रत्येक महिला के लिए एक जीती- जागती वास्तविकता बन जाएगी.

# रोगी की देखभाल के लिए नई सुविधाएं : प्रमोद

- विशेष स्वास्थ्य सेवाओं का उद्घाटन किया

**गोवा, 08 मार्च. मुख्यमंत्री ने कैंसर अनुसंधान केंद्र, केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं, फार्मेसी और अन्य सुविधाओं के लिए एआईआईए गोवा परिसर के विस्तार की घोषणा की एआईआईए गोवा में नई सुविधाएं रोगी देखभाल को बेहतर बनाएंगी.**



विशेष आयुर्वेदिक उपचारों तक पहुंच बढ़ाएंगी- मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गोवा ने रोगी देखभाल को मजबूत करने और विशेष आयुर्वेदिक सेवाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से कई विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं का उद्घाटन गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, एआईआईए के निदेशक (प्रभारी) प्रो. (वैद्य) पी.के. प्रजापति, एआईआईए गोवा की डीन प्रो. (डॉ.) सुजाता कदम और संस्थान के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों की उपस्थिति में किया.

## आज का इतिहास

1454- इटली के शहर फ्लोरेंस में समुद्री यात्री अमेरिगो वेसपुची का जन्म हुआ। उनकी वजह से ही अमेरिका का नाम पड़ा।

1864- प्रख्यात मराठी लेखक हरि नारायण आप्टे का जन्म।

1934- सोवियत पायलट और अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन का जन्म।

1945- अमेरिकी एयरफोर्स ने टोक्यो में बम गिराए, बमबारी से लगी आग ने करीब एक चौथाई शहर को जलाकर राख कर दिया और 80 हजार लोगों की जान ली।

# बच्चों को बराबरी का महत्व सिखाया जाना चाहिए : न्यायाधीश

**चेन्नई, 08 मार्चै. मद्रास उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रभा श्रीदेवन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही बराबरी का महत्व सिखाया जाना चाहिए.**



सुश्री श्रीदेवन ने श्री रामचंद्र उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एसआरआईएचईआर ) में अधिकार, न्याय और कार्रवाई विषय पर आयोजित समारोह में बोलते हुए कहा कि बराबरी और न्याय सबसे पहले घर पर होना चाहिए, जिससे एक ऐसी पीढ़ी बनेगी जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के साथ बराबरी से पेश आएगीं. बच्चों को छोटी उम्र से ही बराबरी का महत्व सिखाया जाना चाहिए.

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लिंग की परवाह किए बिना अपने दोस्तों के साथ बराबरी से पेश आएं और अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी में निष्पक्षता और सम्मान के मूल्य को बनाए रखैं. महिलाओं को ईमानदारी से काम करने और सफलता अपने आप मिलने की सलाह देते हुए सुश्री श्रीदेवन ने कहा कि सफलता पैसे से नहीं, बल्कि इलाज कराने वाले मरीज की संतुष्टि से मापी जानी चाहिए.

उन्होंने कहा कि लोगों को खुद के प्रति और समाज के प्रति ईमानदार होना चाहिए और उन्हें अपने माता-पिता का कर्ज़ याद रखना चाहिएैं. साथ ही उन्होंने बिना किसी अपराधबोध के पेशेवर और निजी ज़िंदगी में संतुलन बनाने की अहमियत पर ज़ोर दिया, और महिलाओं को दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित किया.

> इस दौरान एसआरएचईआर की कुलपति डॉ. उमा सेकर ने कहा कि एसआरएचईआर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और बिना भेदभाव वाला माहौल देता हैं .उन्होंने कहा, हमारे पास महिलाओं को भेदभाव और परेशानी से बचाने के लिए कई तरीके हैं, जैसे आंतरिक शिकायत समिति, लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ और शिकायत निवारण सेल, जो सभी शिकायतों पर तुरंत ध्यान देते हैं और पूरी ईमानदारी से कार्रवाई करते हैं.

### हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कपूरथला.** पंजाब में कपूरथला पुलिस ने अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है और इस सिलसिले में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया हैं.

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी फिलीपींस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे विदेशी हैंडलर्स के इशारे पर काम कर रहे थे.

# बॉर्डर पर तैनात होंगे नागपुर में बने रोबोट सैनिक

- एयरोस्पेस नीति के तहत यह पहला बड़ा निवेश
- रोबोट निर्माण संयंत्र का किया भूमिपूजन

**नागपुर, 08 मार्च. अगले साल नागपुर में विकसित होने वाले रोबो सैनिक -40 डिग्री की ठंड में भी सीमा पर गश्त करने में सक्षम होंगे.**

एंटी-ड्रोन भार्गवास्त्र सिस्टम चार-पांच महीनों में तैयार हो जाएगा, इससे 60 मिसाइलें एक साथ दागी जा सकेंगीं. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड द्वारा स्थापित किए जाने वाले यूएवी और रोबोट निर्माण संयंत्र के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

### यूनिट का बुनियादी ढांचा तैयार

> कंपनी के प्रमोटरों का लक्ष्य है कि एक वर्ष के भीतर यूनिट-आई का बुनियादी ढांचा तैयार कर लिया जाएैं. इसके बाद जल्द ही रोबोट का एक प्रोटोटाइप विकसित किया जाएैं. अपने बचपन को याद करते हुए फडणवीस ने कहा कि हम बचपन में हर रविवार को एक टीवी सीरियल %स्टार वॉर्स (स्टार ट्रेक)' देखा करते थैं. उस समय जो बातें कल्पना लगती थीं, आज वे वास्तविकता बनती जा रही हैं. यह प्रोजेक्ट उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं. आज व्यापार तक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है और सप्लाई चेन भी रणनीतिक हथियार बन चुकी हैं. महाराष्ट्र सरकार ने रक्षा और एयरोस्पेस को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चुना हैं.

## उद्घाटन

### 65 .42 लाख वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्रफल में 21000 से अधिक आधुनिक आवासीय इकाइयाँ सृजित होने की उम्मीद

# एनबीसीसी अनूठी पुनर्विकास गाथा रच रहा

**दिल्ली, 08 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में 2,700 से अधिक नवनिर्मित सरकारी फ्लैटों और महत्वपूर्ण कार्यालय अवसंरचनाओं का उद्घाटन किया.**



6,600 से अधिक अतिरिक्त जीपीआरए फ्लैटों और भारत बिजनेस पार्क के कार्यालय टावरों की आधारशिला रखी गई। सामाजिक अवसंरचना सहित 7जीपीआरए कॉलोनियों के पुनर्विकास से लगभग 65.42 लाख वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्रफल में 21000 से अधिक आधुनिक आवासीय इकाइयाँ सृजित होने की उम्मीद है। 7जीपीआरए परियोजना से अब तक 3.55 करोड़ मानव-दिवस का रोजगार सृजित हुआ है। एनबीसीसी द्वारा विकसित अद्वितीय मॉडल, वाणिज्यिक निर्मित क्षेत्रफल के मुद्रीकरण के माध्यम से स्व-वित्तपोषण मॉडल पर पुनर्विकास कार्य का दायित्व लिया गया है। यह पहल आधुनिक सरकारी आवास, शहरी अवसंरचना और राजकोष के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

> अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर, माननीय प्रधानमंत्री ने महिला श्रमजीवियों से बातचीत की और कुछ महिला आबंटियों को आबंटन की चाबियां सौंपीं। एनबीसीसी की महिला कर्मचारियों को माननीय प्रधानमंत्री को 7 जीपीआरए परियोजना के बारे में जानकारी देने का सुअवसर मिला। इस महत्वपूर्ण अवसर को मनानेहेतुएनबीसीसी की महिला कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं.

# साइबर ठगों ने मुंबई हाईकोर्ट के जज से की 6 लाख की ठगी

**मुंबई, 08 मार्च. देश में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। मुंबई में साइबर ठगों ने एक जज को भी निशाना बनाया है। क्रेडिट प्वाइंट के नाम पर 6 लाख की ठगी की गई है.**

जानकारी के मुताबिक क्रेडिट कार्ड पॉइंट्स रिडीम करने के नाम पर बॉम्बे हाई कोर्ट के जज से छह लाख की साइबर धोखाधड़ी की गई है। साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स भरवाकर कुल 6 लाख रुपए जज के अकाउंट से उड़ा लिए। कफ परेड पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि हाई कोर्ट के जज सर्च इंजन लिस्टिंग फ्रॉड के जाल में फंस गए।

क्रेडिट कार्ड पॉइंट्स रिडीम करने के लिए जज ने एक क्रेडिट कार्ड बैंक का कस्टमर केयर नंबर ऑनलाइन सर्च किया था और फिर साइबर ठगी का शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक जब जज ने उस नंबर पर कॉल किया, तो साइबर फ्रॉड करने वाले ने बैंक का प्रतिनिधि बनकर जज को एक लिंक भेजकर एक ऐप डाउनलोड करने के लिए मजबूर किया.

### नकली पुर्जे एवं एक्सेसरीज बेचने के आरोप में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रविवार को रोहिणी में एप्पल आईफोन के नकली पुर्जे और एक्सेसरीज बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी दुकानदारों की पहचान दिनेश, शिवम सिंघल, शिवम, पुनीत और रामकरण शर्मा के रूप में हुई है। वे कथित तौर पर अपनी दुकानों से नकली सामान को असली बताकर बेच रहे थे.